हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 1 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 जिसने भी दान की चोरी की है, उस पर कार्रवाई...



07 मंडी के स्थानांतरण से पहले व्यापारियों...



खबर संक्षेप

साइकिल रैली आज उदयगिरि में पौधरोपण

विदिशा। राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस के अवसर पर शनिवार सुबह 7 बजे स्टेडियम से उदयगिरि तक साइकिल रैली निकाली जाएगी। रैली के समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया जाएगा। विभाग ने युवाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से शामिल होने की अपील की है।

हिउस की मतदाता सूची का प्रारूप आज प्रकाशित

विदिशा। हिंदू उत्सव समिति की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 1 अगस्त को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय रायपुरा स्कूल के सामने किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने समिति के सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर प्रकाशित मतदाता सूची का अवलोकन करने की अपील की है।

शिवलिंग निर्माण व कथा के लिए कलश यात्रा आज

विदिशा। पार्थिव शिवलिंग निर्माण समिति द्वारा आयोजित 13वें वर्ष के पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं 108 भागवत मूल पारायण सहित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ होगा। यात्रा शाम 4 बजे राधारमण मंदिर स्थित अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए विनायक बैंक्विट हॉल स्थित कथा स्थल पहुंचेगी। कलशों में 7 समुद्रों एवं 108 पवित्र नदियों के जल का मिश्रण रखा जाएगा। आयोजन में चतुर्वेद पारायण, श्रीसूक्त पाठ, गणेश अथर्वशीर्ष पाठ सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत लगेगी

विदिशा। जिले में 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत लगेगी। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण के लिए तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। संबंधित विभागों को ऐसे प्रकरणों की सूची निर्धारित प्रारूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जैतपुरा में उड़द फसल प्रदर्शन का निरीक्षण

विदिशा। दलहन आत्मनिर्भर मिशन के तहत ग्राम जैतपुरा में किसान कानीराम मोहनलाल अहिरवार के खेत पर लगाए गए उड़द फसल प्रदर्शन का निरीक्षण भारत सरकार के दलहन विकास निदेशालय, भोपाल के तकनीकी अधिकारी डॉ. रामनारायण एवं डॉ. संदीप सिलावट ने किया। इस दौरान जिला सलाहकार डॉ. डीके तिवारी, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी टिनी अडलक तथा गजेन्द्र रघुवंशी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उड़द फसल की वृद्धि, पौधों के स्वास्थ्य और प्रदर्शन का अवलोकन कर किसानों को फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा संतुलित उर्वरक उपयोग की वैज्ञानिक जानकारी दी। प्रदर्शन में उड़द की उन्नत किस्म आईपीयू-13-1 का उपयोग किया गया है।


शिविरों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए

विदिशा। जिले में मुख्यमंत्री जन समस्या निवारण अभियान के तहत 7 अगस्त से 8 जनवरी तक ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रथम चरण के शिविरों का विकासखंड एवं ग्राम पंचायतवार कार्यक्रम जारी करते हुए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले इन शिविरों में राजस्व, पंचायत, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, खाद्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और आमजन की शिकायतों का मौके पर निराकरण करेंगे।

प्रदर्शन: मप्र में देश के कई राज्यों से कम स्टाइपेंड से आक्रोश

चरणबद्ध प्रदर्शन से नहीं बनी बात तो इंटर्न डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। डॉक्टर वर्तमान में मिल रहे 14,337 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड को बढ़ाकर 30 हजार करने की मांग कर रहे हैं।



विदिशा। 9 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन करने के बाद मेडिकल कॉलेज में सभी इंटर्न डॉक्टर अब धरने पर बैठ गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाईपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। जिसका असर मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं पर दिखने लगा है।

इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि वे इमरजेंसी ड्यूटी, ओपीडी, वार्ड प्रबंधन, मरीजों के इलाज और अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी निभाते हैं। इसके बावजूद मध्यप्रदेश में मिलने वाला स्टाइपेंड देश के कई राज्यों की तुलना में काफी कम है। उनका कहना है कि बढ़ती महंगाई और लंबे समय तक ड्यूटी के बीच इतने कम मानदेय में गुजारा करना मुश्किल हो गया है।

हड़ताल के कारण ओपीडी, इमरजेंसी, लेबर रूम और प्रसूति वार्ड समेत कई विभागों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इंटर्न डॉक्टरों ने कहा है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर फैसला नहीं लेती, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। डॉक्टरों ने बताया कि उनका आंदोलन नया नहीं है। 9 जुलाई से वे चरणबद्ध तरीके से विरोध कर रहे थे। पहले मेडिकल कॉलेज के डीन को ज्ञापन दिया गया। इसके बाद अधीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। फिर मेडिकल कॉलेज से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया और काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया गया।

डॉक्टरों का कहना है कि कोई ठोस निर्णय नहीं होने के बाद उन्होंने 31 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। उनका कहना है कि कोरोना महामारी जैसे कठिन समय में भी उन्होंने लगातार सेवाएं दीं।

काम के अनुरूप मानदेय मांग रहे

डॉक्टरों का कहना है कि वह किसी अतिरिक्त सुविधा की नहीं, बल्कि अपने काम के अनुरूप उचित मानदेय की मांग कर रहे हैं। इंटर्न डॉक्टर रोहित पवार ने बताया कि सभी लोकतांत्रिक तरीके अपनाने के बावजूद सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। इसलिए सभी इंटर्न डॉक्टरों ने सामूहिक रूप से पूर्ण कार्य बहिष्कार का फैसला लिया। जब तक स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग पूरी नहीं होगी हड़ताल जारी रहेगी।

मंडी शुल्क बढ़ोतरी पर कांग्रेस का विरोध, सरकार को चेतावनी

1.5% शुल्क वापस नहीं लिया तो किसान और व्यापारियों के साथ करेंगे प्रदेशव्यापी आंदोलन



विदिशा। ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क 1.5 प्रतिशत किए जाने के फैसले का विरोध तेज हो गया है। इसी क्रम में विदिशा में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मंडी शुल्क बढ़ाने का निर्णय तत्काल वापस लेने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने तर्क दिया कि मंडी शुल्क में बढ़ोतरी का सीधा असर किसानों, व्यापारियों, लघु एवं मध्यम उद्योगों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। इससे कृषि उपज के व्यापार की लागत बढ़ेगी, किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिलने में कठिनाई होगी, और बाजार में खाद्यान्न सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने की आशंका है। उनका कहना है कि अंततः इसका प्रभाव आम जनता पर महंगाई के रूप में दिखाई देगा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सरकार ने व्यापारिक संगठनों और किसान प्रतिनिधियों से बिना पर्याप्त चर्चा किए यह निर्णय लिया है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। कांग्रेस ने यह भी आशंका जताई कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक मंडी शुल्क होने से व्यापार प्रदेश से दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर सकता है, जिससे प्रदेश के व्यापार और रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

मंडी शुल्क नहीं बढ़ाने की मांग

कांग्रेस ने 4 प्रमुख मांगें रखीं। इनमें मंडी शुल्क बढ़ाने का निर्णय तत्काल वापस लेने, किसान एवं व्यापारी संगठनों से व्यापक चर्चा के बाद नई नीति बनाने, किसानों और व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ न डालने वाली व्यापार एवं कृषि नीति लागू करने तथा भविष्य में किसी भी शुल्क वृद्धि से पहले सभी हितधारकों से विचार-विमर्श करने की मांग शामिल हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मंडी शुल्क वृद्धि का फैसला वापस नहीं लिया, तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ किसान और व्यापारी संगठनों के साथ प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा।

डीआईजी ने कोतवाली थाने का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

विदिशा। उप पुलिस महानिरीक्षक (देहात) रेंज भोपाल राजेश सिंह चंदेल ने एसपी रोहित काशवानी के साथ थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, लंबित प्रकरणों, अपराध नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड, लंबित मामलों और पुलिस व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर एएसपी मोनिका तिवारी, सीएसपी अतुल सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज, यातायात थाना प्रभारी आशीष राय सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।



मुंशी प्रेमचंद जयंती पर प्रो. चित्तरंजन मिश्र आज देंगे अपना व्याख्यान

विदिशा। पं. गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर शनिवार को शाम 6:30 बजे माहेश्वरी धर्मशाला तलैया में व्याख्यान का आयोजन होगा। कार्यक्रम में गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व प्रतिकुलपति प्रो. चित्त रंजन मिश्र सत्ता, धर्म और समाज विषय पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यास अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कवि-आलोचक डॉ. विजय बहादुर सिंह करेंगे, जबकि संचालन प्रो. नीतू दांगी करेंगी।

संभाग स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर में 128 स्काउट गाइड ने लिया प्रशिक्षण

विदिशा। संभाग स्तरीय 5 दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर 27 से 31 जुलाई तक ब्रह्म समाज भवन में आयोजित किया गया।

शिविर में भोपाल के 67, विदिशा के 55 तथा सीहोर के 6 सहित कुल 128 स्काउट एवं गाइड प्रतिभागियों ने भाग लिया। 5 दिनों तक प्रतिभागियों को गांठें एवं बंधन, प्राथमिक उपचार, मानचित्र अध्ययन, संकेत ज्ञान, शिविर कौशल, पायनियरिंग और स्काउट-गाइड नियमों से संबंधित व्यवहारिक व मौखिक परीक्षाएं आयोजित की गईं। नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एएसपी मोनिका तिवारी ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। लोहांगी पहाड़ी पर ट्रैकिंग और प्रकृति अध्ययन भी कराया गया। शिविर का संचालन सहायक राज्य संगठन आयुक्त राजेश मेवाड़े एवं राज्य आयुक्त भगवती शर्मा के नेतृत्व में हुआ।



शमशाबाद, गुलाबगंज, लटेरी में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई

मेडिकल स्टोर्स के नियमों की अनदेखी और नोटिस का जवाब नहीं देने पर लाइसेंस रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

चार मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले में कार्रवाई करते हुए शमशाबाद, गुलाबगंज और लटेरी में संचालित तीन मेडिकल स्टोर्स की औषधि लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी हैं।

यह कार्रवाई ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान मिली गंभीर अनियमितताओं के आधार पर की गई। निरस्त किए गए मेडिकल स्टोर्स में शमशाबाद तहसील के सतपाड़ा हाट स्थित मेसर्स वेद मेडिकोज, गुलाबगंज की विशाल मेडिकल एजेंसी तथा लटेरी के शमशाबाद रोड स्थित कृष्णा मेडिकल स्टोर शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान तीनों दुकानों में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन मेडिकल स्टोर्स की औषधि लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के साथ ही खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले के चार मेडिकल स्टोर्स में निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। तारण मेडिको विदिशा, ऋषिका मेडिकल एजेंसी सिरोंज, श्रीजी मेडिको विदिशा और आशीर्वाद मेडिकल स्टोर लटेरी के विरुद्ध की गई। जांच में दवाओं के स्टॉक व बिक्री रिकॉर्ड में गड़बड़ी, क्रय-विक्रय बिलों की कमी, फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में शेड्यूल दवाओं की बिक्री तथा अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा दुकान संचालन जैसी अनियमितताएं सामने आईं। विभाग ने निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधित लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी है।

संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद खाद्य एवं औषधि नियमावली-1945 के नियम 66(1) के तहत कार्रवाई करते हुए तीनों मेडिकल स्टोर्स के औषधि लाइसेंस निरस्त कर दिए गए।

---

6 माह पुराना विवाद हल, कराया समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

तहसील पठारी के ग्राम धमोनीपुरा में छह माह से लंबित पानी निकासी विवाद का तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर समाधान कराया। तहसीलदार लता पाल ने बताया कि सीताराम कुर्मी और राकेश कुर्मी के बीच पानी निकासी को लेकर विवाद चल रहा था। इस विवाद को करीब छह माह का समय हो गया था। दोनों पक्ष अपनी बात पर अड़े हुए थे। सूचना मिलने पर राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और दोनों पक्षों की उपस्थिति में पुलिया खुलवाकर पानी की निकासी सुचारु कराई गई। इसके बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद को समाप्त कराया गया। तहसीलदार ने भविष्य में सौहार्द बनाए रखने, छोटे विवादों का शांतिपूर्ण समाधान करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी।

आज सुबह 10 बजे निकलेगी 11वीं भव्य कांवड़ यात्रा, महाकाल की शाही सवारी रहेगी आकर्षण

विदिशा। श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री महागौरी मंदिर बोल बम कांवड़ यात्रा सेवा समिति द्वारा आयोजित 11वीं भव्य कांवड़ यात्रा शनिवार सुबह 10 बजे श्री महागौरी माता मंदिर डंडापुरा से रवाना होगी। यात्रा शिवालय, कांच मंदिर, पितरमील चौराहा, कुआंखेड़ी, गुलाबगंज और बासौदा मार्ग से होकर सोमवार को उदयपुर धाम पहुंचेगी। यात्रा में बाबा महाकाल की शाही सवारी विशेष आकर्षण रहेगी। समिति अध्यक्ष आशु सोनी, आयोजक शिव सोनी एवं संयोजक सौरभ सिंह राजपूत ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित

अहमदपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमराव सिंह कुशवाह ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के अनुमोदन के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें कोषाध्यक्ष भंवरलाल कुशवाह, उपाध्यक्ष हरिओम शर्मा, बलराम सिंह लोधी, लखपत सिंह धाकड़, महासचिव संतोष कुमार साहू, जसवंत सिंह मीणा, अगर सिंह ठाकुर, निरंजन सिंह दांगी, खूब सिंह प्रजापति, इलियास खान, सचिव कृष्णा बरुआ, महेश गिरी गोस्वामी, पुनीत राम कुशवाह, हिम्मत सिंह लोधी, खेमचंद जाटव, मुकेश मीणा, राजकुमार विश्वकर्मा, अमित किरार, मीडिया आदित्य राजपूत, सोशल मीडिया की जिम्मेदारी सुमित लोधी को दी गई है।

गुरु तत्त्व विमर्श संगोष्ठी में गुरु परंपरा की महिमा का गुणगान



विदिशा। संस्कृत भारती मध्यभारत प्रांत इकाई विदिशा के तत्वावधान में श्री नागेश्वर धाम मंदिर इन्द्रा कॉम्प्लेक्स में गुरु तत्त्व विमर्श विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चित्रकूट से पधारे भागवत प्रवक्ता कृष्ण चैतन्य शास्त्री, रामकिशोर वैदिक, शिवानंद शास्त्री, सुरेन्द्र मिश्रा, अंकित कृष्ण तेनगुरिया, शिवाकांत शास्त्री, विष्णु प्रसाद शर्मा शास्त्री एवं रविन्द्र पांडेय ने गुरु को भारतीय संस्कृति का आधार बताते हुए गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गुरु आत्मबोध, संस्कार, नैतिकता और राष्ट्रबोध का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज शिवनारायण चतुर्वेदी शास्त्री ने किया। पूर्व को-ऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पं. श्यामसुंदर शर्मा ने अतिथियों का श्रीफल, शॉल व दक्षिणा देकर सम्मान किया। अंत में विभाग प्रमुख सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्वानों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

समापन पर ऑडिटोरियम में छात्रों ने दी प्रेरणादायक प्रस्तुतियां

15 दिन में 2 लाख लोगों से नशामुक्त रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए गए 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान का शुक्रवार को समापन हो गया। 15 जसे 30 जुलाई तक चले इस 15 दिवसीय अभियान के दौरान जिलेभर में कुल 568 जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से 2 लाख से अधिक लोगों तक प्रत्यक्ष रूप से नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया गया, जबकि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए 21 लाख से अधिक लोगों तक अभियान की पहुंच रही। अभियान के तहत पुलिस ने केवल शहरी क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि गांवों तक पहुंचकर जागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं। इन जगहों पर चौपाल, रैली, मानव श्रृंखला, मैराथन, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, चित्रकला, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। सोशल मीडिया पर वीडियो, रील्स और प्रेरक कहानियों के माध्यम से भी लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। समापन समारोह में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। वात्सल्य स्कूल के बैंड ने अभियान गीत प्रस्तुत किया।



विदिशा। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

ओलम्पस स्कूल के विद्यार्थियों ने म्यूट एक्ट और साकेत एमजीएम स्कूल के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। समारोह में विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, डीआईजी राजेश सिंह चंदेल और एसपी रोहित काशवानी सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इसमें परिवार, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। समापन समारोह में अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों, नगर रक्षा समिति, ब्रह्माकुमारी संस्था, गायत्री परिवार, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, विद्यार्थियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7225
धान
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2500
उड़द
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-6510
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-9000
मक्का
न्यूनतम भाव-1650
उच्चतम भाव-2056
गेंहू
न्यूनतम भाव-2255
उच्चतम भाव-5155
धनिया
न्यूनतम भाव-13200
उच्चतम भाव-14000
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3020
उच्चतम भाव-3265
बटरी
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3680
सरसों
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-7725
चना
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-6350
मूंग
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-7400

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 7497.5 बोरों उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

स्वच्छता को लेकर चलाया अभियान



गंजबासौदा। नपा द्वारा चलाए जा रहे 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 पीर बाबा वाली गली एवं वार्ड क्रमांक 24 बूढ़पुरा गली में नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा ने स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए नागरिकों से अपने घर और आसपास नियमित साफ-सफाई रखने तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि आसपास गंदगी और पानी का जमाव कई बीमारियों का कारण बन सकता है, इसलिए थोड़ी सी सावधानी से स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं से बचा जा सकता है। वहीं आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी, सहयोगी संस्था की ओर से अभिषेक शर्मा ने भी नागरिकों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि खाली प्लॉटों में पानी जमा न रहने दें और कूलर, गमले, टंकियों की नियमित सफाई करते रहें।


लैंगिक हमले के आरोपी को 3 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



न्यायालय राकेश कुमार ठाकुर, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा एवं विशेष न्यायालय पॉक्सो ने 3 साल 11 माह के मासूम बालक पर लैंगिक हमला करने के मामले में आरोपी को 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमार असैया ने बताया कि दिनांक 4 अगस्त 2025 को सायं लगभग 7 बजे थाना शहर बासौदा क्षेत्र के नए बस स्टैंड के पास आरोपी ने 3 वर्ष 11 माह के बालक को उसके दादा के पास से ले जाकर उसके साथ गलत हरकत कर लैंगिक हमला किया था। जिसके बाद पीड़ित बालक के परिजनों की शिकायत पर थाना शहर में धारा 137(2), 142, 96 बीएनएस और 7/8, 18 पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई थी। प्रकरण में निरीक्षक संजय वेदिया ने विवेचना की। अनुसंधान पूर्ण होने पर पुलिस द्वारा न्यायालय में चालान पेश किया गया। जहां पीड़ित बालक के धारा 183 बीएनएस के तहत कथन और अन्य साक्षियों के बयान कराए गए। उपलब्ध साक्ष्यों और अभियोजन की प्रभावी पैरवी से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में दोषी मानते हुए 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। इस सनसनीखेज प्रकरण में उपनिदेशक अभियोजन जेएस तोमर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रकरण के शीघ्र निराकरण में आरक्षक कोर्ट मोहर्रिर रीतेश तिवारी ने सहयोग किया।

तेंदुए के घायल शावक का किया रेस्क्यू



गंजबासौदा। शुक्रवार को नगर से करीब 30 किलोमीटर दूर रसूलपुर के पास स्थित खेल स्टेडियम के पीछे झाड़ियों में एक तेंदुए का घायल शावक मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। वन विभाग ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल शावक को उच्च उपचार एवं समुचित देखरेख के लिए वन विहार भोपाल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम घटेरा निवासी अफसर खान शुक्रवार की सुबह ग्राम रसूलपुर में खेल परिसर के पीछे स्थित अपने खेत पर गए थे, तभी उन्हें वहां झाडियों में तेंदुए का शावक नजर आया। गौर से देखने पर पता चला कि शावक घायल है और चलने फिरने में असमर्थ है। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल ग्रामीणों और वन अमले को दी। सूचना के बाद रेंजर राजेन्द्र कुमार सहरिया के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। वन अमले ने अफसर खान और ग्रामीणों के साथ घायल शावक का रेस्क्यू शुरू किया। टीम ने काफी सावधानी से शावक को पकड़कर पिंजरे में रखा और आगे की कार्रवाई शुरू की। रेंजर राजेन्द्र कुमार सहरिया ने बताया कि रेस्क्यू के बाद शावक को प्राथमिक उपचार दिया गया। प्राथमिक जांच में डॉक्टरों ने शावक के पैरालाइज्ड होने की संभावना जताई है। शावक को तत्काल इलाज के लिए भोपाल स्थित वन विहार भेज दिया गया है। भोपाल वन विहार में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उसका इलाज करेगी। रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में रेंजर सहित डिप्टी रेंजर रामकरण अहिरवार, वनपाल गोविंद लोधी, देवेंद्र सिंह राजपूत, हेमंत रघुवंशी और स्थानीय ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

वन विभाग ने आसपास के गांवों में लोगों से अपील की है कि जंगल या खेतों में कोई भी वन्य प्राणी दिखाई दे तो उसे नुकसान न पहुंचाएं और तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से घटेरा, रसूलपुर, भिलायां वनक्षेत्र में तेंदुओं का मूवमेंट सामने आया है। संभवतः उन्हीं में से किसी मादा तेंदुए का यह शावक बीमारी या अन्य कारण से बिछडकर खेतों के पास जा पहुंचा। अब विभाग आसपास के क्षेत्र में मादा तेंदुए की भी तलाश कर रही है और ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की सलाह दी है।

राम मंदिर से जुड़े दान की कथित चोरी के मामले में बोले जगद्गुरु रामकमलाचार्य

जिसने भी दान की चोरी की है, उस पर कार्रवाई होना चाहिए: डॉ वेदांती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



दान में सिर्फ पैसा नहीं होता, भक्त की आस्था भी होती है। कोई श्रद्धालु मंदिर में दान देता है तो वह केवल धन नहीं देता, उसके साथ उसकी आस्था और विश्वास भी जुड़ा होता है। कोई अपनी कमाई में से 10 रुपए देता है तो कोई लाखों रुपए। इसलिए धार्मिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालु द्वारा भगवान के नाम पर समर्पित प्रत्येक रुपए और वस्तु की सुरक्षा सुनिश्चित करें। यदि अयोध्या से जुड़ी व्यवस्था में कहीं कोई चूक सामने आई है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जिसने चोरी या अनियमितता की है, उस पर कार्रवाई हो, साथ ही यह भी देखा जाए कि व्यवस्था में ऐसी गुंजाइश आखिर बनी कैसे। उक्त बात शुक्रवार को काशी पीठाधीश्वर एवं रामानंदाचार्य संप्रदाय से जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज ने पत्रकार वार्ता में कही।

वेदांत आश्रम में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होने आए जगतगुरू डॉ वेदांती ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए आश्रम की गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही सम सामयिक मुद्दों पर भी अपने विचार व्यक्त किए।

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र से जुड़े दान को लेकर सामने आए कथित चोरी के मामले में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि दान में गड़बड़ी हुई है तो दोषियों को छोड़ा नहीं जाना चाहिए। पद पर बैठे व्यक्ति की जिम्मेदारी सिर्फ खुद ईमानदार रहने तक सीमित नहीं होती, बल्कि व्यवस्था को भी ईमानदार रखना पड़ता है। चंपत राय की भूमिका को लेकर महाराजश्री ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन और रामकार्य के प्रति उनका समर्पण किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं यह विश्वास नहीं कर सकता कि चंपत जी स्वयं चोरी कर सकते हैं या करवा सकते हैं। हां, किसी व्यक्ति पर आवश्यकता से अधिक विश्वास किया गया और उसी विश्वास का गलत फायदा उठाया गया, तो यह व्यवस्थागत चूक जरूर मानी जाएगी। महाराजश्री ने कहा कि जिम्मेदारी के पद पर बैठे व्यक्ति के लिए ईमानदार होना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी अपने आसपास की व्यवस्था पर निगरानी रखना भी है। महाराजश्री ने इस घटनाक्रम को देश के दूसरे बड़े धार्मिक संस्थानों के लिए भी चेतावनी बताया। जनता बड़ी मेहनत से कमाती है और उससे भगवान के नाम पर दान देती है। यह पता लगना चाहिए कि देश के अन्य बड़े मंदिरों में भी कहीं श्रद्धालुओं का दान इसी तरह किसी अनियमितता का शिकार तो नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि मंदिरों में दान की व्यवस्था व्यक्ति आधारित नहीं बल्कि ऐसी संस्थागत प्रणाली पर होनी चाहिए, जिसमें एक से अधिक स्तर पर निगरानी और जवाबदेही तय हो।

विदेशों में चंदा चोरी विवाद को लेकर क्या प्रभाव पड़ा है, इस सवाल पर महाराजजी ने कहा कि भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा किसी व्यक्ति या पदाधिकारी से बंधी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले लोगों की इच्छा होती है कि जीवन में एक बार अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करें। "किसी व्यवस्थागत गलती से राम के प्रति आस्था कम नहीं होती। गलती व्यवस्था में है तो व्यवस्था सुधरेगी, आस्था अपनी जगह अडिग रहेगी। सच्चे सद्गुरु को कैसे पहचाना जाए पर उन्होंने कहा कि इसके लिए किसी बड़े नाम, प्रचार या बाहरी वैभव की आवश्यकता नहीं है जिसके पास बैठते ही ईश्वर की स्मृति आने लगे, बुरे विचार कम होने लगें और मन अच्छे कार्य तथा लोककल्याण की ओर बढ़ने लगे समझिए उस संगति में गुरु तत्व है। उन्होंने कहा कि वेदों और भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन को बेहतर बनाने के हजारों सूत्र मौजूद हैं। आवश्यकता उन्हें ग्रंथों से निकालकर नई पीढ़ी तक सरल भाषा में पहुंचाने की है।

डेंटल कैंप का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल एवं भारतीय जैन मिलन शाखा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विद्या वैली में डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मॉडर्न डेंटल क्लीनिक की डॉक्टर अंजली वर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कैंप में नर्सरी LKG, UKG, प्ले कक्षाओं के लगभग 200 बच्चों का डॉक्टर अंजली वर्मा ने निशुल्क चेकअप किया। साथ ही उनके द्वारा इन सभी बच्चों को उपहार भी प्रदान किए गए। डॉक्टर अंजली वर्मा द्वारा सभी बच्चों को दाँतो को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए क्या क्या सावधानियां रखी जाएं इस बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जैन मिलन शाखा के क्षेत्रीय कार्य अध्यक्ष सतीश जैन मंत्री ने भी अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन अनीता प्रणय जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर जैन मिलन के समस्त वीर एवं वीरांगनाएं भी उपस्थित रहीं एवं आचार्य विद्या वैली स्कूल के डायरेक्टर प्रणय जैन, अशोक जैन, पंकज जैन, सतेंद्र सिंह, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।

राजस्व विभाग की बैठक में नामांतरण के 62 प्रकरण निपटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद में आयोजित राजस्व विभाग की बैठक के दौरान नामांतरण के 62 प्रकरणों का निराकरण करते हुए उनके आवेदकों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस बैठक में राजस्व शाखा प्रभारी पार्षद नीलू चौबे सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी और कई पार्षद गण मौजूद रहे। बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने कहा कि नगर पालिका द्वारा नामांतरण के प्रकरणों को निपटाने की काफी सरल और सहज प्रक्रिया कर दी गई है। जिसका लाभ भी जनता को मिल रहा है। इस बैठक के दौरान पार्षद नारायण सोनी, मनीष विश्वकर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शुभम रघुवंशी, सरदार अहिरवार के अलावा नपा के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

चौक के नामकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



माझी समुदाय द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में नगर के किसी प्रमुख मार्ग अथवा चौराहे का नाम पर्वत पुरुष दशरथ माझी मार्ग अथवा पर्वत पुरुष दशरथ माझी चौक रखे जाने की मांग की गई। समुदाय ने सुझाव दिया कि बेदनखेड़ी से तिरंगा चौक तक के मार्ग अथवा चर्च के समीप स्थित प्रमुख चौराहे को इसके लिए चुना जा सकता है। साथ ही नगर पालिका परिषद को जनसुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टि से किसी अन्य उपयुक्त मुख्य मार्ग या चौराहे के चयन की स्वतंत्रता भी दी गई है। माझी समुदाय ने कहा कि पर्वत पुरुष दशरथ माझी का जीवन श्रम, संघर्ष, दृढ़ इच्छाशक्ति और जनसेवा की प्रेरणा है। उनके नाम पर सार्वजनिक स्थल का नामकरण नई पीढ़ी को सकारात्मक संदेश देने के साथ नगर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान को भी समृद्ध करेगा। माझी समुदाय जिला विदिशा के संरक्षक वृंदावन रैकवार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान डॉ. इंदर सिंह केवट, राहुल रैकवार, सुरेंद्र रैकवार, देवेंद्र केवट, लक्ष्मी नारायण रैकवार, वृंदावन रैकवार सहित अनेक समाज बंधु स्थित रहे।

विवाद में युवक घायल

गंजबासौदा। बीती रात नानाजी वाली गली में नशे में धुत कुछ युवकों के बीच जमकर विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान कुछ युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

डीईओ ने किया निरीक्षण

गंज बासौदा। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने नगर की विभिन्न शालाओं का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश बीईओ, बीआरसी एवं संकुल प्राचार्य, जन शिक्षा केंद्र प्रभारी व जनशिक्षकों को दिए। निरीक्षण के दौरान डीईओ शासकीय कन्या उमा विद्यालय अस्पताल के सामने पहुचे। जहा उन्होंने शाला मे लंबे समय से अनुपस्थित प्राची सांगलीकर एवं फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्त बृजमोहन शाक्य का प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजने के निर्देश प्राचार्य प्रह्लाद भावसार को दिए। साथ ही सहायक शिक्षक कामिनी कनकने, ममता दीक्षित जो कि माध्यमिक विद्यालय एवं हायर सेकेंडरी में अध्यापन कराती है उनको प्राथमिक विद्यालय में अध्यापन के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होने शाला के विद्यार्थियों से संवाद कर शाला मे चल रही शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद व योगाभ्यास आदि गतिविधियों की भी जानकारी ली।

लगातार पांचवें वर्ष श्रमदान दल के साथ किया पौधारोपण

मां की स्मृति में गुरु पूर्णिमा पर हरित श्रद्धांजलि दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

प्रकृति संरक्षण तभी जनआंदोलन बनता है, जब वह केवल अभियानों तक सीमित न रहकर परिवारों की परंपरा, सामाजिक संस्कार और जीवनशैली का हिस्सा बन जाए। इसी भावना को साकार करते हुए श्रमदान दल द्वारा साप्ताहिक पौधारोपण अभियान 5.0 के अंतर्गत जन-जन विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वर्गीय सहोद्रा देवी दुबे की पुण्य स्मृति तथा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सतपाड़ा कला के दुबे परिवार ने श्रमदान दल के सहयोग से वात्सल्य स्कूल के सामने, नई गल्ला मंडी के समीप कचनार का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां को जीवन की प्रथम गुरु माना गया है। जीवन के प्रारंभिक संस्कार, संवेदनशीलता, अनुशासन और मानवीय मूल्यों की पहली शिक्षा मां से ही प्राप्त होती है। ऐसे में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां की स्मृति में पौधारोपण करना केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना नहीं, बल्कि उन जीवन-मूल्यों को प्रकृति संरक्षण के माध्यम से आगे बढ़ाने का एक सार्थक संकल्प भी है। कार्यक्रम में रोपे गए कचनार को पर्यावरणीय, सौंदर्यात्मक एवं औषधीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण वृक्ष माना जाता है। बसंत ऋतु में इसके गुलाबी, सफेद अथवा बैंगनी रंग के आकर्षक पुष्प वातावरण की प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाते हैं। इसके फूल मधुमक्खियों, तितलियों तथा अन्य परागण करने वाले जीवों के लिए अमृत का महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं। आयुर्वेद में कचनार की छाल, कलियों और फूलों का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में वर्णित है। साथ ही इसकी छायादार एवं आकर्षक संरचना इसे शहरी और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण के लिए एक उत्कृष्ट वृक्ष बनाती है। कार्यक्रम का मूल संदेश स्पष्ट सच्ची श्रद्धांजलि स्मारकों से नहीं, बल्कि उन वृक्षों से दी जाती है जो वर्षों तक छाया, प्राणवायु, जैव विविधता और जीवन का उपहार देकर मानवता की निस्वार्थ सेवा करते रहते हैं। इस दौरान अनेक लोग मौजूद रहे।

टीन उखाड़ कर की चोरी

गंजबासौदा। शहर के बरेठ रोड स्थित विद्युत मंडल कार्यालय के सामने बेल्ट पर्स चश्मा एवं जनरल आइटम की दुकान में अज्ञात चोरों ने देर रात हजारों रुपये का सामान चुरा लिया। पीड़ित राजकुमार साहू ने बताया कि रात में दुकान बंद कर गए थे। अगले दिन दुकान पहुंचने पर पीछे की ओर से सेंधमारी और सामान बिखरा मिला चोर पीछे की दीवार से अंदर घुसे और तीन रैक उखाड़कर उनमें रखी सामग्री चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गंजबासौदा। नगर से करीब 10 किलोमीटर दूर अंबानगर चौकी क्षेत्र के ग्राम जरोद में गुरुवार शाम सरवर पिता तरवर, उम्र 24 साल ने अज्ञात कारणों के चलते शाम के समय घर में फांसी लगा ली। परिजनों को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने तुरंत दरवाजा तोड़कर युवक को नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

करंट से महिला की मौत



गंज बासौदा। ग्राम महोली में खेत पर बने मकान में तार फेंसिंग में करंट आने से महिला आरती राय गमरिया निवासी की मौके पर मौत हो गई। आरती राय अपने रिश्तेदारी में आई थी। घटना के बाद परिजन उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां पर डॉक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया।

अलौकिक समर्पण दिवस उत्साह से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली वरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा 18 वा अलौकिक समर्पण दिवस ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी एवं रुकमणी दीदी का बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत नृत्य से हुई। इसके पश्चात छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से परमात्मा के प्रति समर्पण भाव को व्यक्त किया। अपने सम्बोधन में आदरणीय रेखा दीदी जी ने कहा कि जब माता-पिता अपनी कन्या के लिए वर चुनते हैं तो वे उसके गुण, घर और परिवार को देखते हैं, फिर भी यह निश्चित नहीं होता कि कन्या सदा सुखी रहेगी। किंतु इस अलौकिक एवं दिव्य समर्पण समारोह के माध्यम से कन्या को स्वयं परमपिता, जगत नियंता परमात्मा ही वर के रूप में प्राप्त हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जहाँ तक घर की बात है, तो विश्व के 140 देशों में फैले सेवाकेंद्र ही कन्या के अपने घर होते हैं और परिवार इतना विशाल है कि 50,000 से अधिक समर्पित भाई-बहन सेवाओं में लगे हुए हैं, जो एक-दूसरे को सहयोग देकर निरंतर आगे बढ़ाते हैं। आदरणीय रुक्मणी दीदी जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस संस्थान में केवल वही कन्याएं समर्पित होती हैं जिन्हें स्वयं परमात्मा द्वारा चुना गया होता है। ये वे आत्माएं होती हैं जो सेवा और त्याग के भाव को अपनाकर, परमात्मा के महावाक्यों का गहराई से मनन-चिंतन करती हैं तथा हर क्षण सेवा में तत्पर रहती हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 5 वर्षों तक सेवा केंद्र पर रहकर संस्था और सेवाओं को समझने के पश्चात ही उनका समर्पण परमात्मा एवं निमित्त आत्माओं द्वारा स्वीकार किया जाता है। यह दिन हमें याद कर अत्यंत हर्ष होता है हम साधारण बहनों का समर्पण स्वयं भगवान द्वारा स्वीकार हुआ था। अनु बहन ने अपने सम्बोधन में दीदियों के प्रति अपने भाव रखते हुए कहा की स्वार्थपूर्ण दुनिया में, जहाँ लोग केवल अपने और अपनों के बारे में सोचते हैं। दीदी ने स्पष्ट किया कि यह श्वेत वस्त्र किसी विधवा का प्रतीक नहीं, बल्कि साक्षात माँ सरस्वती का प्रतीक है, जो पवित्रता, ज्ञान, गुणों और शक्तियों का प्रतीक है।

देवपुर मेले की तैयारियां अंतिम चरण में, एसडीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सावन के पहले सोमवार से देवपुर धाम में उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सावन माह के प्रथम सोमवार से प्रारंभ होने वाले प्रसिद्ध देवपुर धाम मेले को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित आमद को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ओमनारायण सिंह बड़कुल ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर मेले की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम बड़कुल ने कहा कि देवपुर मेला क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां सावन के पहले सोमवार से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन की प्राथमिकता श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मेले के दौरान पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात, पार्किंग, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से पालन करें। बैठक में मंदिर समिति के सदस्यों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने तथा किसी भी समस्या की तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि मेले के प्रारंभ होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं और आयोजन अवधि के दौरान लगातार निगरानी रखी जाए। वहीं मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएंगी।

सावन सोमवार पर उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

सावन के पहले सोमवार को देवपुर धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। दूर-दराज के गांवों एवं विभिन्न जिलों से हजारों श्रद्धालु भगवान के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए पहुंचेंगे। मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की दुकानें एवं आकर्षण भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष केंद्र रहेंगे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यातायात एवं सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करें तथा प्रशासन और स्वयंसेवकों का सहयोग करें, जिससे देवपुर मेले का आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

मंडी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मंडी के स्थानांतरण से पहले व्यापारियों के हित सुरक्षित करे प्रशासन : भार्गव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भूखंड, मुआवजा और मूलभूत सुविधाओं पर स्पष्ट नीति के बाद ही हो मंडी का विस्थापन



सिरोंज कृषि उपज मंडी को प्रस्तावित नवीन मंडी परिसर में स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने अपनी चिंता जाहिर करते हुए प्रशासन से व्यापारियों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव के नेतृत्व में मंडी व्यापारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी ओम नारायण बडकुल को सौंपकर आग्रह किया कि व्यापारियों की वर्षों की मेहनत, निवेश और व्यवसायिक हितों की रक्षा किए बिना मंडी का स्थानांतरण नहीं किया जाना चाहिए।

अंतिम निर्णय लेने से पहले व्यापारियों से संवाद स्थापित करे प्रशासन : इस अवसर पर थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहा कि मंडी का स्थानांतरण केवल एक स्थान परिवर्तन नहीं, बल्कि यह सैकड़ों व्यापारियों, कर्मचारियों, किसानों और उनसे जुड़े हजारों परिवारों के आर्थिक भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। वर्तमान मंडी में कई व्यापारियों ने वर्षों पहले भूखंड लेकर अपने संसाधनों से गोदाम, दुकानें और अन्य स्थायी निर्माण किए हैं। ऐसे में यदि बिना उचित नीति और मुआवजे के मंडी को स्थानांतरित किया गया तो व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन को किसी भी प्रकार का अंतिम निर्णय लेने से पहले व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित करना चाहिए तथा उनकी सभी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। व्यापारियों का उद्देश्य विकास कार्यों का विरोध करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि विकास की प्रक्रिया में उनके अधिकारों और वर्षों के निवेश की अनदेखी न हो।

भूखंड के बदले भूखंड देने की मांग

अनाज तिलहन व्यापार संघ ने ज्ञापन में मांग की कि वर्तमान मंडी परिसर में जिन व्यापारियों के स्वामित्व वाले भूखंड हैं, उन्हें नवीन मंडी परिसर में उसी के अनुरूप समकक्ष एवं उपयुक्त आकार के भूखंड प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किए जाएं। इससे व्यापारियों को दोबारा व्यवसाय स्थापित करने में कठिनाई नहीं होगी। साथ ही व्यापारियों ने वर्तमान मंडी में अपने निजी खर्च से दुकानें, गोदाम एवं अन्य स्थायी निर्माण कराए हैं। इन निर्माणों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर शासन के नियमों के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए ताकि व्यापारियों को आर्थिक क्षति न हो। इसी के साथ नवीन मंडी में भूखंडों का आवंटन कलेक्टर गाइडलाइन की ऊंची दरों के आधार पर न किया जाए। इसके स्थान पर औद्योगिक एवं व्यावसायिक दृष्टि से उचित एवं रियायती दरें निर्धारित की जाएं, जिससे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े और वे आसानी से अपना व्यवसाय पुनः स्थापित कर सकें।

पहले उपलब्ध हों सभी मूलभूत सुविधाएं

मंडी व्यापारियों ने ज्ञापन में उल्लेख करते हुए कहा कि प्रस्तावित नवीन मंडी परिसर नगर से दूर निर्जन एवं पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। ऐसे में स्थानांतरण से पहले वहां बैंक शाखा, पुलिस चैकी, पक्की सड़क, पर्याप्त बिजली व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, संचार सुविधा तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। व्यापारियों का कहना है कि सुविधाओं के अभाव में किसानों और व्यापारियों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं व्यापार संघ ने प्रशासन का ध्यान इस ओर भी आकर्षित किया कि प्रदेश की बासौदा एवं भोपाल मंडियों में व्यापारियों को न्यूनतम एवं उचित दरों पर भूखंड उपलब्ध कराए गए थे। सिरोंज के व्यापारियों को भी उसी तर्ज पर रियायती एवं न्यायसंगत दरों पर भूखंड उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

व्यापारियों को कराया जाए नवीन मंडी स्थल का निरीक्षण

व्यापारियों ने कहा कि प्रशासन द्वारा अंतिम निर्णय से पहले व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल को प्रस्तावित नवीन मंडी स्थल का निरीक्षण कराया जाए ताकि व्यापारी स्वयं वहां की भौगोलिक स्थिति, परिवहन व्यवस्था, उपलब्ध सुविधाओं और व्यापारिक संभावनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकें। इस मौके पर अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहा कि विदिशा कृषि उपज मंडी के विस्थापन की प्रक्रिया को पूर्ण होने में लगभग दो दशक का समय लग चुका है। यदि सिरोंज में भी व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों की अनदेखी की गई तो यहां भी स्थानांतरण की प्रक्रिया अनावश्यक रूप से लंबी खिंच सकती है। इसलिए प्रशासन को समय रहते व्यापारियों से संवाद स्थापित कर सहमति के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिरोंज के व्यापारी वर्षों से क्षेत्र के किसानों के साथ जुड़े हुए हैं और कृषि व्यापार को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

जब तक जीवन है, रामलला और जनता की सेवा करता रहूंगा : उमाकांत शर्मा

1 करोड़ 2 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व 36 लाख की लागत से पूर्ण विकास कार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



शुक्रवार को रामलला सरकार मंदिर परिसर स्थित नवनिर्मित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने लगभग 1 करोड़ 2 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लगभग 36 लाख की लागत से पूर्ण हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

इस अवसर पर रामलला सरकार मंदिर समिति ने विधायक उमाकांत शर्मा को श्री रामलला सरकार का चित्र भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि रामलला सरकार दीन-हीन नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के राजा हैं। रामलला के प्रति समाज की आस्था सदियों से बनी हुई है और उनकी पूजा-अर्चना विभिन्न कालखंडों में निरंतर होती रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के राम ही हम सबके आराध्य हैं। उन्होंने कहा कि पद का अहंकार कभी स्थायी नहीं होता, समय का चक्र हर घमंड को चकनाचूर कर देता है। समाज अच्छे कार्य करने वालों का सम्मान करता है और गलत कार्य करने वालों का विरोध भी करता है। भारतीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन को विद्यार्थी, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास इन चार आश्रमों में विभाजित किया गया है। गुरु पूर्णिमा का उल्लेख करते हुए उन्होंने गुरुओं के सम्मान का संदेश दिया तथा कहा कि सभी धर्म और पंथ सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी भावना किसी भी धर्म या समुदाय के विरोध की नहीं, बल्कि सबका हित, सबका कल्याण, सभी सुखी और सभी निरोगी हों की है। उन्होंने कहा कि हम छत्रपति शिवाजी महाराज, बप्पा रावल और महाराणा प्रताप की संतान तथा हमारे लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। वहीं विधायक ने बीते दिनों प्रियंका गांधी द्वारा गोमूत्र पर की गई टिप्पणी पर कहा कि सनातन संस्कृति में गाय का गोबर और गौमूत्र पवित्र माने जाते हैं। अंत में उन्होंने कहा, मेरी जनता ही मेरी भगवान है। जब तक मेरा जीवन रहेगा, तब तक रामलला और जनता की सेवा करता रहूंगा।

इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन व लोकार्पण

इस मौके पर आरसीसी नाला निर्माण 68.29 लाख, एमपीईबी कार्यालय से कुशवाह समाज मंदिर तक रिन्यूवल कोट कार्य 20.31 लाख, रामलला मंदिर के द्वितीय तल पर सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, रोहिलपुरा चाठोली मार्ग स्थित श्मशान घाट पर टीनशेड निर्माण 3.62 लाख। साथ ही वार्ड क्रमांक 13 में रामबाबू से कस्टम पथ तक नाले पर रेलिंग निर्माण 10.02 लाख,वार्ड क्रमांक 13 में भटोली वालों से कस्टम पथ तक नाला निर्माण 16 लाख, वार्ड क्रमांक 12 स्थित रामलला मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर पार्षद रूपेश यादव ने कहा कि स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा रामलला सरकार के प्रति सदैव समर्पित रहे और मंदिर के प्रत्येक कार्यक्रम की चिंता करते थे। वे समय-समय पर फोन कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी लेते रहते थे।

शासकीय महाविद्यालय में हुआ गुरु पर्व का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सांदीपनि गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन हुआ भारतीय गुरु शिष्य परंपरा के महत्व गुरु के प्रति श्रद्धा सम्मान की भावना छात्रों में विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर नीरज दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति हिंदी के प्राध्यापक डॉक्टर एचएन शर्मा ने गुरु की महिमा शिक्षा के संस्कार मूलक स्वरूप तथा जीवन में गुरु के मार्गदर्शन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य डॉ नीरज दुबे ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाला नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का आधार होता है। जीवन में गुरु के आदर्श का अनुसरण करने तथा समाज के प्रति उत्तरदाई निभाने का आग्रह किया।

शर्मा का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान अतिथि डॉक्टर एच एन शर्मा का शाल श्रीफल बैठकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन देव श्री भगवान ने किया। कार्यक्रम के दौरान हिंदी के सहायक प्राध्यापक सुधांशु दुबे एनएसएस अधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

बेगमगंज के सभी 39 आवेदकों का हज यात्रा 2027 के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बेगमगंज



हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा हज-2027 के लिए आयोजित कुरआअंदाजी (लॉटरी) के नतीजे सामने आते ही बेगमगंज में खुशी का माहौल बन गया। शहर से हज के लिए आवेदन करने वाले सभी 39 मर्द व ख़्वातीन का चयन हो गया है। सभी आवेदनों के मंजूर होने की खबर मिलते ही चयनित जायरीन और उनके परिजनों ने अल्लाह तआला का शुक्र अदा करते हुए दो रकअत नमाज-ए-शुक्राना अदा की तथा एक-दूसरे को मुबारकबाद दी।

गौरतलब है कि वर्ष 2026 में बेगमगंज से 28 जायरीन ने हज की पवित्र यात्रा का सौभाग्य प्राप्त किया था, जबकि इस वर्ष इंशाअल्लाह 21 पुरुष और 18 महिलाएं, कुल 39 जायरीन, हज के मुकद्दस सफर पर रवाना होंगे। चयनित खुशनसीब जायरीन में मलग़ का तकिया से तबलीगी जमात के जिम्मेदार डॉ. इकबाल खान, हिदायतपुर से मो. साबिर चूड़ी वाले, रुबीना बी, नाहिद बी और अब्दुल वाहिद, काजी मोहल्ला से सैयद महबूब अली, अनीसा बी, आरिफ खान और शहनाज़ बी, पक्का फाटक से सैयद वासिद अली और साजिदा खातून, ढिमरोली गांव से शोएब खान मंसूरी, परवीन बी, नवाज खान मंसूरी और अब्दुल गफ्फार मंसूरी, बकरी बाजार से असलम खान मंसूरी और रईसा बी मंसूरी, बढ़ापुरा से रईस खान मंसूरी (पहलवान), परवीन मंसूरी और शाहजहां बी, मर्कज के सामने से रिजवान खान, मो. आरिफ राईन सहित अन्य शामिल है।

आसमान में बादलों का डेरा फिर भी नहीं हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



सावन का महीना जोरदार झमाझम बारिश के लिए जाना जाता है सावन की शुरुआत से आसमान में घने बादल छाए हुए हैं परंतु बारिश के नाम पर बौछारे पड़ रही हैं। बारिश की कमी बेरुखी धान की खेती के लिए पौधों की ग्रोथ ना होने का कारण बन रही है। पिछले एक सप्ताह में एक दो बार हल्की बारिश हो पाई है।मोशम बिभाग का भारी बारिश का अलर्ट प्रभाव हिन बना नजर आरहा है।

बाड़ी बरेली क्षेत्र बासमती धान का कटोरा कहा जाता है। दोनों तहसीलों में लगभग एक डेढ़ लाख एकड़ में धान की खेती होती है। जून जुलाई में बारिश न होने से धान की रोपाई में निरंतर विलंब होता रहा तीन-चार दिन अच्छी बारिश होने के बाद धान रोपाई हुई। पिछले एक सप्ताह से बारिश की कमी से धान के खेतों में दरारें शुरू हो गई है।

पिछले वर्ष की तुलना में कम बारिश

पिछले वर्ष जून एवं जुलाई में भारी बारिश होने के कारण जुलाई माह में ही बारनाबांध के गेट खोलने की नौबत आ गई थी। अभी तक बाड़ी में 415 मिली मीटर बरेली में 382 मिलीमीटर ही बारिश दर्ज हुई है जो पिछले वर्ष की तुलना में कम है यदि बारिश की स्थिति इसी प्रकार कमजोर बनी रही तो धान की फसलों पर पानी का संकट आर्थिक नुकसान कम उत्पादन का कारण बन सकता है।

अभिषेक और भजन, कीर्तन पूजन पाठ के कार्यक्रम प्रारंभ

सावन प्रारंभ, शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



सावन का महीना शिव जी की भक्ति आराधना के लिए जाना जाता है सावन माह शुरू होते ही नगर एवं क्षेत्र के शिवालयों में भगवान शंकर का अभिषेक पूजन करने सुबह शाम भीड़ लगने लगी है।

नर्मदा क्षेत्र में तहसील के अंतर्गत शिवधाम बापौली, जमगढ़ के साथ नगर के शिवालयों में बम भोले ओम नमः शिवाय के जयकारे घूंजने लगे हैं। अनेक श्रद्धालु प्रतिदिन नर्मदा मैया में स्नान करने भी जा रहे हैं।

शिव भक्ति में बना माहौल

लगभग 15 किलोमीटर दूर बिंद पर्वत की तलहटी में प्राचीन बापौली शिव धाम है। जहां विशेष शिवलिंग स्थापित है बापौली धाम में जम्मू वाले लाल बाबा जी सूर्योदय से सूर्य अष्त तक मौन धारण कर तपस्या कर रहे है। दो-तीन किलोमीटर दूर जमगढ़ और भागदेई ऐतिहासिक ग्राम है भाग देवी में पाषाण का खजुराहो शैली के मंदिर में विराजे शिवलिंग की सूर्य किरने सबसे पहले अभिषेक करती है।

जमगढ़ में ऊंची पहाड़ी पर गुफा में शिवजी विराजे हैं पहाड़ी की गुफा में 12 महीना जल भरा रहता है। प्रतिदिन शिव जी के अभिषेक पूजन के लिए नर नारियों की भारी उपस्थित हो रही है।

शिव अभिषेक भजन कार्यक्रम

शिव भक्तों द्वारा श्रावण माह में भगवान शंकर की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने शिव अभिषेक रुद्री निर्माण विशेष पूजन भी कराया जा रहा है। मंदिरों में संगीत में धार्मिक भजन कीर्तन भी शुरू हो गए हैं।

किसान आंदोलन की सफलता: बढ़ी मूंग खरीदी की मात्रा और तारीख

10 दिनों में लाखों क्विंटल मूंग की खरीद तोल बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी स्लाट बुकी अंतिम तिथि आने पर किसानों के भोपाल में बड़े आंदोलन के कारण सरकार दवाव में आ गई। खाद टोकन व्यवस्था समाप्त करने के साथ एक एकड़ पर तीन कुंतल मूंग की खरीद और स्लाट बुक खरीदी को 10 दिन समय बढ़ा दिया गया है। 10 अगस्त तक स्लॉट बुक और 20 अगस्त तक तोल होगी। किसानों की मांगे सरकार द्वारा मांग लेने से क्षेत्र की किसानों में भारी हर्ष बना हुआ है।

10 दिनों में लाखों क्विंटल मूंग की तोल

1 जुलाई से समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद शुरू हुई सीमित मात्रा में एक एकड़ पर एक कुंटल 20 किलो खरीद की सरकारी नीति का किसानों द्वारा विरोध और बहिष्कार किया गया जिससे खरीदी केदो पर कुछ 100 क्विंटल ही मूंग की खरीद हो पाई।

मूंग की खरीद में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हम्मालो तोल काटो को चालू रखने के साथ गोदाम में मूंग रखना पर्याप्त स्थान जरूरी होता है। मूंग बेचने तोलने किसानों में भारी उदासीनता बनी रहने से निचले स्तर पर केद्रो पर भी सीमित तैयारी व्यवस्थाएं बनी रही।अब अगले 10 दिनों में क्षेत्र के हजारों किसानों से लाखों कुंतल मूंग की खरीद तोल की व्यवस्थाओं को अंजाम देना सबसे बड़ी चुनौती बनी रहेगी।

मंडी में बेची मूंग उठाया आर्थिक नुकसान

मूंग की सीमित मात्रा में खरिद नीति के कारण जुलाई के महीने में हजारों किसानों ने अपनी आर्थिक जरूरतें पूरी करने समर्थन मूल्य से दो ढाई हजार रुपए कुंटल कम भाव पर व्यापारियों को मूंग बेची जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। हजारों किसान मात्रा बढ़ाने और तिथि बढ़ाने की उम्मीद में मूंग अपने पास रख रहे अब मुंह को समर्थन मूल्य पर बेचकर आर्थिक नुकसान से बच जाएंगे।

सूचना

आदर्श मछुआ सहकारी संस्था मर्यादित लगधा, जिला विदिशा (पंजीयन क्र. 801, दिनांक 26.09.2012) की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐं विदिशा कार्यालय, विकासखण्ड त्यौंदा कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित विदिशा की शाखा विदिशा के सूचना पटल पर दिनांक 31.07.2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 31.07.2026 से दिनांक 08.08.2026 तक सोसाइटी कार्यालय आदर्श मछुआ सहकारी संस्था मर्यादित लगधा, जिला विदिशा में सचिव श्री गणेशराम रैकवार को सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 10.08.2026 को दोपहर 2.00 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

(मनोहर रजक)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आदर्श मछुआ सहकारी संस्था मर्यादित लगधा, जिला विदिशा



बारिश में 6 से अधिक गांवों का संपर्क प्रभावित, कई बार हो चुके हैं हादसे

मुश्किलें बढ़ी... बारिश में डूबा अंबाडी-छपरई अंडरपास



3 रेलवे पटरियां पार करने मजबूर ग्रामीण, हादसे का खतरा बढ़ा

स्कूली विद्यार्थी रोज जान जोखिम में डालकर पहुंच रहे स्कूल, एक छात्र की हो चुकी है मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंबाडी-छपरई क्षेत्र में बारिश ने एक बार फिर रेलवे अंडरपास की बड़ी समस्या उजागर कर दी है। रेलवे फाटक बंद होने के बाद बनाया अंडरपास पूरी तरह पानी से भर गया है, जिससे अंबाडी, सेमरा, केमखेड़ी, कालीटोर, पिपरई, मुनारा और खेड़ा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया है। मजबूरी में ग्रामीण, किसान और स्कूली छात्र-छात्राएं रोजाना रेलवे पटरियां पार कर आवागमन कर रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है।

कुछ दिन पहले एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से रेलवे पटरी पार कर रहा था, तभी अचानक ट्रेन आ गई। चालक किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग गया, जबकि मोटरसाइकिल ट्रेन की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। इससे पहले भी पटरी पार करते समय एक छात्र की ट्रेन की चपेट में आने से



मौत हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

ग्रामीणों का कहना है कि करीब आठ वर्ष पहले रेलवे विभाग ने अंबाडी-छपरई फाटक को बंद कर दिया था। इसके बदले बनाया गया अंडरपास हर वर्ष बारिश में जलमग्न हो जाता है और चार महीने तक लोगों के लिए अनुपयोगी बना रहता है। दो महीने पहले रेलवे विभाग ने फाटक के आसपास बाउंड्री वॉल बनाकर रास्ता पूरी तरह बंद करने का प्रयास किया था, लेकिन ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम के हस्तक्षेप से काम रुकवा दिया गया था।

पटरी पर हर 15 मिनट में दोनों दिशाओं से ट्रेनें गुजरती हैं। इसके बावजूद प्रतिदिन 150 से 200 मोटरसाइकिल चालक और बड़ी संख्या में पैदल यात्री जान जोखिम में डालकर तीन रेलवे लाइनें पार कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली विद्यार्थियों को हो रही है, जिन्हें स्कूल पहुंचने के लिए यही खतरनाक रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

विद्यार्थियों ने सुनाई परेशानी

छात्रा राधिका वंशकार, अरुण और प्रियांशी ने बताया कि गांव में केवल पांचवीं तक स्कूल है। आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें रोज सेमरा जाना पड़ता है। अंडरपास में पानी भरने के कारण रेलवे पटरियां पार करना उनकी मजबूरी बन गया है।

शहर में आउटडोर विज्ञापन नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

जिलेभर में जगह-जगह अवैध होर्डिंग की भरमार, जिम्मेदार अधिकारी बने बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में अवैध होर्डिंग और बैनरों की भरमार लगातार बढ़ती जा रही है। प्रमुख चौक चौराहों, सड़क किनारों, सरकारी भवनों, सार्वजनिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास ओवर ब्रिज में बिना अनुमति बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए जा रहे हैं। इससे न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है बल्कि यातायात व्यवस्था और राहगीरों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ गया है। इसके बावजूद नगर पालिका परिषद और संबंधित विभाग प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, जिला अस्पताल मार्ग सांची रोड़ और प्रमुख चौक चौराहों पर नियमों को ताक पर रखकर विज्ञापन होर्डिंग्स लगाए गए हैं। कई स्थानों पर बिजली के पोल, पेड़ों और सरकारी दीवारों का भी उपयोग विज्ञापन के लिए किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना अनुमति लगाए गए अधिकांश होर्डिंग महीनों से लगे हुए हैं।लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इन्हें हटाने की गंभीर पहल नहीं की।

हादसे की आशंका....

बारिश और तेज हवा आंधी के दौरान कमजोर ढांचे वाले होर्डिंग गिरने का खतरा बना रहता है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों के साथ बड़ा हादसा हो सकता है। शहरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद से अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग हटाने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सबसे चिंताजनक स्थिति महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास देखने को मिल रही है। जिन स्थानों को स्वच्छ और सम्मानजनक बनाए रखने की जिम्मेदारी प्रशासन की है, वहीं उनके आसपास भी विज्ञापन बोर्ड और बैनर टंगे दिखाई देते हैं।

कार्रवाई के बाद फिर लौट आते हैं अवैध होर्डिंग

हालांकि नगर पालिका परिषद समय-समय पर अवैध होर्डिंग हटाने का अभियान चलाती है। लेकिन कुछ दिनों बाद फिर उसी स्थान पर नए होर्डिंग लग जाते हैं। इससे स्पष्ट है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई और आर्थिक दंड नहीं लगाया जा रहा।



अवैध होर्डिंग्स बिगाड़ रहे शहर की सूरत, चौक चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमाएं तक ढकीं

नगर पालिका परिषद की कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रहती है। नियमों की अनदेखी कर शहर की सुंदरता पर इन दिनों अवैध होर्डिंग्स बदनुमा दाग बनते जा रहे हैं। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, सड़कों के किनारे, डिवाइडरों, बिजली के खंभों और महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास तक बड़े-बड़े होर्डिंग्स और बैनर लगाए गए हैं। इन पर न तो संबंधित विभाग की अनुमति का उल्लेख है और न ही सुरक्षा मानकों का पालन किया गया है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बना हुआ है।

शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों से लेकर व्यस्त बाजारों तक अवैध होर्डिंग्स की भरमार है। राजनीतिक कार्यक्रम, जन्मदिन की शुभकामनाएं, व्यावसायिक विज्ञापन और विभिन्न आयोजनों के पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम लगाए जा रहे हैं। इससे न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर होर्डिंग्स सड़क किनारे लगे संकेतक और ट्रैफिक संकेतों को भी ढंक रहे हैं, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

क्या कहते हैं नियम

मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम-2017 के तहत सार्वजनिक स्थानों, सड़क किनारे, सरकारी संपत्तियों और संवेदनशील क्षेत्रों में बिना अनुमति होर्डिंग लगाना प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होर्डिंग हटाने के साथ जुर्माने का भी प्रावधान है।

इनका कहना है

शहर में अवैध होर्डिंग्स और बैनर के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने पूर्व में कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से करीब 30 अनाधिकृत होर्डिंग्स को हटाया था। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

- **पवन मीणा,** प्रभारी राजस्व शाखा, नगर पालिका रायसेन।

शहर के गंज बाजार और बस स्टैंड, सागर भोपाल तिराहे क्षेत्र में चलाए गए अभियान में छोटे-बड़े सभी अवैध होर्डिंग्स को हटाया गया था। अभियान आगे भी जारी रहेगा

- **यूनुस खान,** राजस्व विभाग के अधिशासी अधिकारी, नपा।

नपा कार्यालय का भी किया निरीक्षण

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में गंदगी पर एसडीएम ने जताई अपत्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

शुक्रवार को एसडीएम प्रियंका भलावी ने नगर पालिका कार्यालय और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया।

प्लांट में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। नगर पालिका कार्यालय में रिकॉर्ड, फाइलों और विकास कार्यों की समीक्षा कर अभिलेखों को व्यवस्थित रखने, निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने कहा कि नगर पालिका में बेहतर कार्यालयीन प्रबंधन, स्वच्छता, नियमित निगरानी और समयबद्ध कार्रवाई के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया सचेत

नशे से दूरी है जरूरी: पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से सलामतपुर थाना पुलिस द्वारा लगातार विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस टीम ने बेरखेड़ी चौराहे स्थित पेट्रोल पंप पर पहुँचकर स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों से सीधा संवाद किया तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही इससे बचाव के व्यावहारिक तरीके भी बताए गए। यह पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुई।

मौके पर मौजूद एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक संजय और आरक्षक राहुल रघुवंशी ने लोगों को जागरूक करते हुए समाज को नशा मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की। स्थानीय निवासियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए अभियान में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

खबर संक्षेप

घायल युवक को डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

सिलवानी। थाना क्षेत्र के ग्राम सांईखेड़ा बस स्टैंड पर गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 11 बजे एक युवक के घायल अवस्था में सड़क पर पड़े होने की सूचना पर डायल-112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। आरक्षक अजय राजपूत एवं चालक अरविद्र विश्वकर्मा ने तत्परता दिखाते हुए घायल को सिविल अस्पताल सिलवानी पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। घायल की पहचान उमरझिर निवासी धनसिंह आदिवासी के रूप में हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बाइक फिसलने से हादसा हुआ, जिसमें युवक घायल हो गया था। पुलिस ने समय पर सहायता पहुंचाकर कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

अनियंत्रित होकर पलटा लोडिंग मिनी ट्रक

सलामतपुर। भोपाल विदिशा हाइवे के आमखेड़ा पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार रात को एक बड़ा हादसा टल गया। सड़क पर बैठे गायों के झुंड को बचाने के प्रयास में एक लोडिंग मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जबकि चालक को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश में सड़क पर मवेशियों के बैठने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क पर घूमने वाले मवेशियों की उचित व्यवस्था करने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

विधायक डॉ. चौधरी ने चिलवाहा आदिवासी आश्रम की देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



शुक्रवार को विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने जनपद पंचायत सांची अंतर्गत संचालित अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम, चिलवाहा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम की आवासीय, शैक्षणिक और भोजन व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। वहां रहकर अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई, दिनचर्या और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान आश्रम प्रबंधन ने बताया कि 50 सीट क्षमता वाले इस छात्रावास में वर्तमान में 48 विद्यार्थी निवास करते हुए शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विधायक डॉ. चौधरी ने विद्यार्थियों से सीधे चर्चा कर पूछा कि उन्हें भोजन, अध्ययन सामग्री और अन्य आवश्यक सुविधाएं समय पर मिल रही हैं या नहीं। विद्यार्थियों ने बताया कि निर्धारित समय के अनुसार उन्हें पौष्टिक नाश्ता और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही पढ़ाई के लिए पुस्तकें एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री भी नियमित रूप से दी जाती है।

विधायक डॉ चौधरी ने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासित जीवन अपनाने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

कलेक्टर ने कहा- दुर्घटनाएं रोकने करें जरूरी इंतजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने संबंधी गतिविधियों की समीक्ष की गई।

बैठक में कलेक्टर तथा एसपी आशुतोष गुप्ता द्वारा गत बैठक के पालन प्रतिवेदन अनुसार संबंधित अधिकारियों से अभी तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेकर दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर तथा एसपी ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना संभावित स्थलों के बारे में चर्चा करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने आवश्यक कार्य करने निर्देश दिए। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों सहित अन्य स्थलों के समीप सड़कों पर कैट आई, संकेतक चिन्ह या साइन बोर्ड, रैलिंग लगाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में स्कूल, कॉलेज तथा सार्वजनिक स्थलों पर भी यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित किए जाने पर भी चर्चा की गई।

कीचड़ में फंस रहे किसानों के ट्रैक्टर, बाहरी लोगों की 'सेटिंग' से खराब मूंग खरीदी के आरोप

अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं का अड्डा बना देवनगर का आदिनाथ वेयरहाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज



जिले के देवनगर स्थित आदिनाथ वेयरहाउस में संचालित मूंग उपार्जन केंद्र किसानों के लिए राहत के बजाय परेशानी का कारण बनता जा रहा है। एक ओर बारिश के कारण पूरा परिसर कीचड़ में तब्दील हो चुका है, वहीं दूसरी ओर केंद्र पर बाहरी लोगों की कथित दखलअंदाजी और 'सेटिंग' के जरिए खराब गुणवत्ता की मूंग खरीदे जाने के आरोपों ने उपार्जन व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

किसानों का कहना है कि बारिश के बाद वेयरहाउस परिसर में इतनी अधिक कीचड़ हो गई है कि मूंग लेकर पहुंचने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली रास्ते में ही धंस रहे हैं। कई किसानों को घंटों तक अपने वाहन निकलवाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है, जिससे तुलाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है और किसानों का समय व आर्थिक नुकसान दोनों बढ़ रहे हैं।

किस आधार पर मिला तुलाई केंद्र का दर्जा?

किसानों ने सवाल उठाया है कि जब वेयरहाउस में सड़क, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाएं ही उपलब्ध नहीं थीं, तो आखिर किन मानकों के आधार पर इसे मूंग उपार्जन केंद्र बनाया गया। उनका कहना है कि केंद्र चयन में किसानों की सुविधाओं की पूरी तरह अनदेखी की गई है।

परिसर में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप बना हुआ है

किसानों ने आरोप लगाया है कि वेयरहाउस परिसर में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप बना हुआ है। कथित रूप से कुछ लोग किसानों से 'सेटिंग' कर खराब गुणवत्ता की मूंग भी खरीदी करा रहे हैं। यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं तो इससे शासन की उपार्जन व्यवस्था की निष्पक्षता और गुणवत्ता नियंत्रण पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगते हैं। किसानों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि वेयरहाउस परिसर में तत्काल मुरम, गिट्टी और जल निकासी की व्यवस्था कर आवागमन सुचारु बनाया जाए। साथ ही केंद्र की व्यवस्थाओं, बाहरी लोगों की भूमिका तथा खराब मूंग खरीदी के आरोपों की उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित लोगों की जवाबदेही तय की जाए।

यदि समय रहते हालात नहीं सुधरे तो बारिश के मौसम में मूंग उपार्जन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो सकती है और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इन गंभीर आरोपों और अव्यवस्थाओं पर क्या कार्रवाई करता है।



इनका कहना है

वेयर हाउस में चल रही अनियमितता की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है मैं वेयरहाउस पर ही हूं और जांच कर उचित कार्यवाही करवाई जाएगी

- **हर्षवर्धन गुप्ता,** नायब तहसीलदार, गैरतगंज।